# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु

सिद्धार्थनगर- 272202 उ०प्र० (भारत)

Website :www.suksn.edu.in Email Id : registrar@suksn.edu.in


सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)

पत्रांक 578/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 22/7/2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्यागण
सम्बद्ध महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर

**विषयः– प्रवेश प्रकिया सत्र 2026–27 स्नातक/परास्नातक/अन्य पाठ्यक्रमो का समर्थ पोर्टल पर SURN पंजीकरण की अत्यंत धीमी स्थिति के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक प्रवेश प्रकिया सत्र 2026–27 स्नातक/परास्नातक/अन्य पाठ्यक्रमो का समर्थ पोर्टल पर SURN पंजीकरण के संबंध में अवगत कराना है कि शासन द्वारा निर्धारित समर्थ पोर्टल पर SURN पंजीकरण 5 मई, 2026 से क्रियान्वित है। विश्वविद्यालय द्वारा बार–बार तिथि विस्तारित एवं निर्देशित किये जाने के उपरान्त भी महाविद्यालयों में सत्र 2026–27 की SURN पंजीकरण की स्थिति अत्यन्त निम्न है, प्रवेश की प्रकिया भी अति न्यून है। यह स्थिति विश्वविद्यालय की शैक्षणिक कार्ययोजना एवं शासन द्वारा निर्धारित कैलेण्डर के विपरीत है, यह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/छात्रों के हित के प्रतिकुल है।

तदकम में आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुये निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में पंजीकरण, प्रवेश परीक्षा आदि शासन द्वारा संचालित समर्थ पोर्टल के अनुसार समयबद्ध है। यह अपेक्षित है कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से SURN पंजीकरण एवं प्रवेश की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि छात्र हित में अंतिम अवसर देते हुये प्रवेश प्रकिया की अंतिम तिथि 30, जुलाई 2026 तक विस्तारित किया जाता है। जिसके बाद विस्तारित किया जाना सम्भव नहीं होगा। समर्थ पोर्टल के पंजीकरण व प्रवेश की प्रक्रिया से आप सभी विगत वर्ष से भिज्ञ है। ऐसी स्थिति में पोर्टल पर पंजीकरण व प्रवेश शीघ्रता से अंतिम तिथि तक नही किया गया समस्त जिम्मेदारी आप की होगी।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

पत्रांकः /सि0वि0वि0/2026 दिनांक . .2026

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिष्ठाता, शैक्षणिक, सिद्धार्थ, विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ, विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालय के कॉलेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव